# Hindi Murli Quiz 16-05-2015

यह क्विज आज की मुरली पर आधारित है |

**Q.1)** **"मीठे बच्चे - सदा इसी नशे में रहो कि हम ------------ब्राहमण हैं, हम जानते हैं जिस बाबा को सब पुकार रहे हैं, वह हमारे सम्मुख है"**
**[निम्नलिखित विकल्पों में से सबसे सटीक शब्द से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें ]**

A. संगमयुगी
B. कुखवंशावली
C. मुखवंशावली
D. पक्के

**Q.2)** **"जिन बच्चों का बुद्धियोग ठीक है, जो अपने शान्तिधाम और सुखधाम को याद करते हैं, धंधा धोरी करते भी एक बाप की याद में रहते हैं, उन्हें ही सब साक्षात्कार होंगे कि सतयुगी नई राजधानी में क्या-क्या होगा, कैसे हम स्कूल में पढ़ेंगे फिर राज्य चलायेंगे। यह सब साक्षात्कार जैसे-जैसे नजदीक आते जायेंगे, होता रहेगा।"**

A. True
B. False

**Q.3)** **शब्दों /वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही आपस में मिलाएं---**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | भक्ति मार्ग के सतसंग में तो कहेंगे बोलो सब वाह गुरू या राम का नाम, | यहाँ बच्चों को कुछ कहने की जरूरत नहीं, बस मामेकम् याद करो। |
| B | यूँ शिवबाबा की सन्तान तो सब हैं, | परन्तु तुम ही जानते हो हम आत्मा हैं, हमको बाप ने फरमान किया है कि मुझे याद करो। |
| C | सब चिल्लाते रहते हैं कि पतित-पावन आओ, हम पतित बने हैं। | यह देह नहीं कहती। आत्मा इस शरीर द्वारा कहती है। |
| D | यह बुद्धि में रहना चाहिए कि हम एक्टर्स हैं,बाबा ने हमको अब त्रिकालदर्शा बनाया है। | आदि-मध्य-अन्त का ज्ञान दिया है। |
| E | अभी भी मनुष्य भगवान् को बुलाते रहते हैं कि आओ, | परन्तु तुम संगमयुगी ब्राहमण कहते हो बाबा आया हुआ है। |

**Q.4)** **सभी सही उत्तर चयन करें ---**

A. जितना नजदीक होते जायेंगे तो तुमको अपनी राजधानी की ड्रेस आदि का भी साक्षात्कार होता रहेगा।
B. तुम हो इस दुनिया में परन्तु बुद्धि से जानते हो हम ब्राहमण संगमयुग पर हैं। बाकी सब मनुष्य कलियुग में हैं।
C. भल एक ही घर में रहने वाले हैं, उसमें भी बाप कहेगा हम संगमयुगी हैं, बच्चा कहेगा नहीं, हम कलियुग में हैं-वंडर है ना ।
D. अगर यह समझें कि दुनिया विनाश होनी है तो नई दुनिया के लिए तैयारी में लग जाएं। बैग-बैगेज तैयार कर लें।

**Q.5)** **कृपया रिक्त स्थान भरें ---**
**तुम शिवबाबा के भण्डारे से खाते हो। ---------भोजन बनाते हैं, इसलिए ब्रहमा भोजन कहा जाता है। वे शिवबाबा की याद में रहकर बनाते हैं। पवित्र तो हैं ही।**

- ब्रहमण ,ब्रहमन ,ब्रहमं, ब्रहिमण, बरहमन

**Q.6)** **" तुम बच्चों में योगी वह है जो अपनी दृष्टि से ही किसी को शान्त कर दे। एकदम सन्नाटा हो जाए। बुद्धियोग और कोई तरफ न जाये। यह भी ताकत है और यही सच्ची याद है । इसके लिए अशरीरी बनने का अभ्यास करना है। सन्यासी भी शान्ति में बैठते हैं, वह कोई रीयल याद नहीं क्योंकि वे बाप को जानते ही नहीं। ब्रहम को ही भगवान समझते रहते इसलिए वह सृष्टि को शान्त नहीं कर सकते।"**

A. True
B. False

**Q.7)** **शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं ----**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | बुद्धि में यही चिन्तन चलता रहे कि हम आत्मा पत्थरबुद्धि बनी थी, | अब फिर बाप को याद कर पारसबुद्धि बन रही हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| B | लौकिक रीति तो बाप भी बड़ा फिर टीचर गुरू भी बड़े मिलते हैं। | यह तो एक ही बिन्दी बाप भी है, टीचर भी है, गुरू भी है। |
| C | सारा कल्प देहधारी को याद किया है। | अब बाप कहते हैं - मामेकम् याद करो। |
| D | तुम्हारी बुद्धि को बाबा कितना महीन बनाते हैं, | विश्व का मालिक बनना - कोई कम बात है क्या! |
| E | ब्रह्मा को बाबा ने श्रीमत दी, साक्षात्कार कराया, | तुमको बाबा बादशाही देता है, इसलिए अब इस सार्विस में लग जाओ। |

*Q.8)* **सभी सही वाक्यों का चयन करें --**

A. ☑ अपना वर्सा लेने का पुरूषार्थ करो। ब्रह्मा बाप की तरह सब छोड़ दो और निमित्त बन जाओ ।
B. ☑ शिवबाबा कहते हैं हम तो हैं ही रमता योगी। कोई का भी कल्याण करने जा सकता हूँ।
C. ☑ जो ज्ञानी बच्चे हैं वह कभी साक्षात्कार आदि की बातों में खुश नहीं होंगे।
D. ☐ ज्ञान के सच्चे नशे में रहने के लिए याद रहे कि हम कलयुगी हैं ।
E. ☑ योग को किनारे कर कर्म में बिजी हो जाना-यही अलबेलापन है।

**Explanation:** ज्ञान के सच्चे नशे में रहने के लिए याद रहे कि हम संगमयुगी हैं ।पुरानी दुनिया याद नहीं आना ।

*Q.9)* **"तुम जानते हो हम 84 जन्म लेते हैं। हर जन्म में थोड़ी-थोड़ी कला कम होती जाती है। जैसे चन्द्रमा की कला कम होती जाती है। देखने से इतना मालूम थोड़े ही पड़ता है। अभी कोई भी सम्पूर्ण नहीं बना है। आगे चल तुमको साक्षात्कार होंगे। आत्मा कितनी छोटी है। उनका भी साक्षात्कार हो सकता है। नहीं तो बच्चियां कैसे बताती हैं कि इनमें लाइट कम है, इनमें जास्ती है। दिव्यदृष्टि से ही आत्मा को देखती हैं। यह भी सभी ड्रामा में नूँध है। बाप कहते कि मेरे हाथ में कुछ नहीं है। ड्रामा मुझ से कराता हैं, भोग आदि यह सब ड्रामा में नूँध है।"**

A. ◉ True
B. ○ False

*Q.10)* **"विनाश के समय अन्तिम डायरेक्शन्स को कैच करने के लिए ---------बुद्धि चाहिए। इसके द्वारा आपको आवाज आयेगा कि इस सेफ स्थान पर पहुंच जाओ। जो बच्चे बाप की याद में रहने वाले --------- हैं, जिन्हें अशरीरी बनने का अभ्यास है वे विनाश में विनाश नहीं होंगे लेकिन स्वेच्छा से शरीर छोड़ेंगे।"**
**निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे सटीक उत्तर से दोनों रिक्त स्थान भरें] ]**

A. ◉ वाइसलेस
B. ○ समर्थ
C. ○ प्लेन
D. ○ दिव्य
E. ○ अलोकिक